आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने कल आई.टी.एफ मैदान में विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित किया– कहा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में द्वीपसमूह में विकास के कार्यों में गति मिली है।
- आगामी लोक सभा चुनाव में दो हजार आठ सौ से अधिक ई.वी.एम और वी.वी.पैट का प्रयोग किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक रवि जोसफ ने मध्योत्तर अंडमान जिले में चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया।
- दक्षिण अंडमान पुलिस ने लिटिल अंडमान के नाला मुण्डि के जंगल से एक किलों से अधिक नशीले पदार्थ जब्त किया है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में काफी विकास हुआ है और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भी इससे अछूता नहीं है। वे कल पोर्ट ब्लेयर पहुंचने के बाद पोर्ट ब्लेयर के आई.टी.एफ मैदान में आयोजित एक विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि अंडमान निकोबार में विकास के नाम पर कोई खास प्रगति नहीं होती थी, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद हमारी सरकार ने हर क्षेत्र का विकास किया है।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव में दो हजार आठ सौ से अधिक ई.वी.एम और वी.वी.पैट का प्रयोग किया जाएगा। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने बताया कि मतदाता पर्ची बांटने का कार्य भी आरंभ हो चुका है, और पन्द्रह अप्रैल तक इसे पूरा कर लिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक रवि जोसफ ने मध्योत्तर अंडमान ज़िले में चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया। रंगत तहसील के बाद मायाबन्दर तहसील में भी उन्होंने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और दूर दराज के क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

ज़िला उपायुक्त के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और नोडल अधिकारियों को शांतिपूर्ण चुनाव कराने का निर्देश देते हुए, उचित मात्रा में पुलिस और केन्द्र सशक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ आरक्षित इकाईयों को भी तैयार रखने को कहा। गश्त को बढ़ाने मतदान केन्द्रों में संचार सुविधाओं को दूरूस्त करने और अग्नि सुरक्षा उपाय करने को भी कहा। जिला उपायुक्त गीतांजलि खंडेलवाल ने जिले में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक बी.एन सिंह ने कार निकोबार के एडवर्ड कुचट पार्क में चुनाव मेस्कॉट मेघा का अनावरण किया। मेघा एक निकोबारी मेगापॉड बर्ड है, जो द्वीपसमूह के निकोबार जिले की एक अद्‌भुत पक्षी है। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मुलाकात की और मेघा सेल्फी प्वाइंट में उनके साथ सेल्फी ली। इसके अलावा उन्होंने उपस्थिति को संबोधित करते हुए देश के विकास में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय आदिवासियों को मतदान करने के लिए शिक्षित करने का भी अनुरोध किया। जिला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने जिले के लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रियदर्शनी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिले में आयोजित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे गए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने लिटिल अंडमान के नाला मुण्डि के जंगल से एक किलों से अधिक नशीले पदार्थ जब्त किया है। इसे जंगल में जमीन के नीचे छुपा कर रखा गया था। दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने बताया कि इस नशीले पदार्थ का इस्तेमाल काफी हानिकारक होती है और इससे काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हटबे थाना पुलिस की टीम ने खोजबीन की। इस दौरान झाड़ियों के बीच ज़मीन में एक संदिग्ध पैकेट पाया गया। पकड़े गए नशीले पदार्थ वजन में एक किलो से अधिक था।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान के लिए विशेष प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए मोबाइल मतदान दल द्वारा आज और कल वरिष्ठ नागरिको, दिव्यांगजनों, कोविड संदिग्ध पात्र मतदाताओं के घरों का दौरा करेंगे। योग्य मतदाताओं से उनके घरों पर उपस्थित रहने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

ई.सी.आई द्वारा मतदान के दिन मतदान केन्द्रों और चुनाव बूथ के पास वाहनों की आवाजाही और प्रचार पर प्रतिबंध के संबंध में निर्देश जारी करने के समाचार को– द डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को स्वास्थ्य सलाह जारी की गई है– द्वीप समाचार की खबर है। अखबार ने चुनाव से पहले स्वीप गतिविधियों के तहत इंडियन रिजर्व बटालियन द्वारा चुनाव के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाए जाने के समाचार को भी पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान और मतगणना के दिन ड्राई डे घोषित किया गया है– अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की खबर है।

<><><><><><><>